**निरीक्षण** लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# ग्वारीघाट पहुंच मार्ग का होगा सौंदर्यीकरण : राकेश सिंह





**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मप्र के संकल्प को साकार करते हुए विकसित और सुंदर जबलपुर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। विकास के इसी क्रम में माँ नर्मदा तट ग्वारीघाट पहुंच मार्ग, त्रिपुरी चौक स्थित सूरजताल एवं सूपाताल को व्यवस्थित स्वरूप के साथ सौंदर्यीकरण करने की योजना के लिए अधिकारियो के साथ स्थल निरीक्षण किया है। यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सूरजताल, सूपाताल के साथ आदि शंकाराचार्य चौक से ग्वारीघाट मार्ग के निरिक्षण के दौरान कही।

इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सूरजताल पहुंचकर तालाब को आधुनिक और सुंदर स्वरूप में लाने के लिए निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा जबलपुर में घनी आबादी के बीच लगभग 13 एकड़ में स्थित सूरजताल को सुंदर स्वरूप दिया जायेगा, इसकी सफाई के साथ ही जलीय घासों की मोटी परत को हटाने का कार्य करते हुए इसमें मोटर वोट, बच्चों के मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, एसडीएम अनुराग सिंह, उपायुक्त सम्भव आयची, भाजपा महामंत्री पंकज दुबे, अभय सिंह ठाकुर, कौशल सूरी, श्रीकान्त साहू, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, नरेश पटेल, रूपा राव, शिवा चौधरी, पार्षद मालती चौधरी आदि उपस्थित थे।

### सूपाताल को 3 करोड़ से किया जाएगा विकसित

मंत्री ने सूरजताल के निरीक्षण के बाद सूपाताल का भी निरीक्षण किया और बताया लगभग 3 करोड़ की लागत से सूपाताल को सुंदर स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इसमें फव्वारा, चौपाटी और बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य स्थानों पर भी सुंदर संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरूवार को सूपाताल के पास रामायण मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।



## अभी तक हुई 115 प्रतिशत राजस्व वसूली, 125 प्रतिशत तक का लक्ष्य : महापौर

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के राजस्व को बढ़ाने और वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने समीक्षा बैठक की। बैठक में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष राजस्व विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 115 प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की थी। पिछले वर्ष की सफलता को देखते हुए इस वर्ष वसूली के लक्ष्य को 125 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। महापौर ने अधिकारियों को कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

### जनवरी माह में राजस्व दोगुना करने का संकल्प

महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली को पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना करने का प्रयास करें।समीक्षा के दौरान महापौर ने विशेष रूप से उन नई संपत्तियों पर चर्चा की जो अभी तक नगर निगम के कर रिकॉर्ड में शामिल नहीं हुई हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर में सर्वे कर नई संपत्तियों की पहचान की जाए। कर चोरी रोकने के लिए सख्ती बरती जाए। संपत्ति कर और अन्य शुल्कों के दायरे को बढ़ाया जाए। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महर्षि पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित होंगे नवभारत के विवेक

**24 वां महर्षि पत्रकारिता सम्मान समारोह 12 को, पुरस्कृत होंगे 15 पत्रकार**





**नवभारत, जबलपुर।** पिछले 25 वर्षों से सकारात्मक पत्रकारिता के लिये निरंतर जारी 'महर्षि पत्रकारिता सम्मान समारोह में इस वर्ष नवभारत से पत्रकार विवेक दुबे महर्षि पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित होंगे। महर्षि पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन 12 जनवरी को अपरान्ह 1 बजे शहीद स्मारक परिसर में आयोजित होगा। चयन समिति के डॉ. पंकज शुक्ला, मनीष गुप्ता, व्ही. के. सिन्हा, अविनाश दीक्षित के चयन अनुसार लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड इस वर्ष वरिष्ठ पत्रकार विपल्व अग्रवाल व उज्जवल शुक्ला को प्रदान किया जायेगा। वहीं नवभारत से विवेक दुबे, यश भारत के देवेन्द्र केशरवानी, स्वतंत्र मत के अमित चौरसिया, पत्रिका से अभिशंकर नागाईच, हरिभूमि से योगेश गुप्ता, दैनिक भास्कर से फोटोग्राफर शंकर विश्वकर्मा, नईदुनिया के फोटोग्राफर अमित सोनी सहित इलेक्ट्रोनिक्स मीडिया से मिस्टर डेविट एवं मैडम भाटिया आदि को प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, महापौर जगत बहादुर 'अन्नू', पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया, उद्योगपति कैलाश गुप्ता उपस्थित रहेंगे। महर्षि संस्थान के संस्थापक जादूगर एस. के. निगम ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी एक्सप्रेस के रविन्द्र बाजपेई मार्गदर्शन करेंगे। आयोजन समिति के विजय जयसवाल, आर. के. टेहनगुरिया, विंग कमांडर चंदन शर्मा, पूर्व न्यायाधीश मीना भट्ट, प्रतुल श्रीवास्तव, मोहित ओबेराय, राजेश पाठक, राजीव गुप्ता, मुन्ना गुजर ने उपस्थिति का का आग्रह किया है।

## राष्ट्र सेविका समिति का शाखा संगम आज

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आज 9 जनवरी 2026 को जबलपुर महानगर में भव्य शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महानगर की सभी शाखाओं की गणवेशधारी सेविकाएं सहभागिता करेंगी। इस विशेष आयोजन में राष्ट्र सेविका समिति की वंदनीय प्रमुख संचालिका शांताक्का जी का सान्निध्य प्राप्त होगा, जो सेविकाओं का मार्गदर्शन करेंगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एवं रक्षा विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशी सिंह होंगी। समिति ने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस प्रेरणादायी आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## उच्च न्यायालय में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर





**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशाल चिकित्सा स्वास्थ जाँच शिविर का आयोजन सिल्वर जुबली हॉल में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा के द्वारा किया गया जिसमें समस्त न्यायाधिपतिगण उपस्थित थे। चिकित्सा शिविर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग जबलपुर के संयोजन में सम्पन्न हुआ। शिविर में मार्गदर्शक के रूप में डॉ. संजय मिश्रा सी.एम.एच.ओ. जबलपुर के साथ डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. संदीप भगत, डॉ. स्नेहा सुप्रिया, डॉ ऋषिकेश बाकोड़े, डॉ. अहतसाम, डॉ. निमिषा पॉल, डॉ स्वाति नेमा, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. अमजद खान, एवं नर्सिंग स्टॉफ, पैथोलॉजिस्ट उपस्थित थे। लगभग 600 अधिवक्ताओं, उच्च न्यायालय स्टॉफ के साथ साथ पुलिस स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सा शिविर में संघ के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, परितोष त्रिवेदी, अमित जैन, प्रशांत अवस्थी, योगेश सोनी, राजेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुशवाहा, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, स्मिता केहरी, उपस्थित थे। इस आयोजन में विशेष सहयोग विपुल जैन का रहा।

### ए एक नजर में



## दादा दरबार सिद्ध घाट में चार दिवसीय यज्ञ का समापन

**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा तट के सिद्ध संत पगलानंद महाराज के 75वें जन्मोत्सव के अवसर पर जबलपुर स्थित दादा दरबार सिद्ध घाट में चार दिनों से चल रहे यज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों संतों ने दरबार पहुंचकर दादा जी को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान तुलादान किया गया तथा एक पुस्तक का विमोचन भी संपन्न हुआ। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दादा जी द्वारा किए गए धार्मिक एवं सामाजिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर स्वामी सुबुधन्नदनंद महाराज, दंडी स्वामी प्यारेनंद महाराज सहित अनेक संतों ने दादा दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में गुड्डू महाराज, संतोष दुबे, संजय शर्मा, घनश्याम केशवानी, संजय बघेल, सुभाष बाजपेई, डॉ. सुधीर अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## डॉ. दीपक साहू बने मप्र रेडियोलॉजिकल संघ के अध्यक्ष

**नवभारत, जबलपुर।** इंदौर में आयोजित 41वें राज्य स्तरीय रेडियोलॉजिकल एवं इमेजिंग संघ सम्मेलन में जबलपुर के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक साहू को सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश शाखा का अध्यक्ष चुना गया। वे वर्ष 2026-2027 तक यह दायित्व संभालेंगे। डॉ. साहू रेडियोलॉजी के क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव, नैदानिक दक्षता और अकादमिक योगदान के लिए सम्मानित हैं। वर्तमान में वे जबलपुर स्थित लक्ष्मी डायग्नोस्टिक्स में उच्च गुणवत्ता वाली इमेजिंग सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। सम्मेलन में राज्यभर के रेडियोलॉजिस्टों ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। डॉ. साहू और डॉ. पुष्पराज भटेले का सम्मान डॉ. अरविंद जैन, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. सुनील बहल, डॉ. ब्रजेश चौधरी और डॉ. संजीव बरकड़े द्वारा किया गया।

## हिंदू सम्मेलन के आई धर्म ध्वजा स्थापित



**नवभारत,जबलपुर।** गुप्तेश्वर नगर बदनपुर बस्ती पावन भूमि पार्क में 26 जनवरी को दोपहर 3 बजे आयोजित होने जा रहे विशाल हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा की स्थापना का पावन कार्यक्रम श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। स्थापित किया गया भगवा ध्वज सनातन धर्म की अमर ज्योति, हिंदू एकता, संस्कृति, एवं आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है, जो समाज को धर्म, संस्कार और संगठन के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक और महिलाएं उपस्थित रही।

## जबलपुर में 23 जनवरी को गूंजेगी शहनाइयां

**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत आगामी 23 जनवरी को एक भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर 101 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है, जो विवाह के पावन बंधन में बंधेंगे। महापौर ने कहा कि 'यह आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि 101 परिवारों की खुशियों की शुरुआत है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी की विदाई यादगार और गरिमामय हो।' हाल ही में उन्होंने शासकीय योजना के विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं। महापौर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विवाह स्थल पर भोजन, बैठक और अन्य मूलभूत सुविधाओं का स्तर श्रेष्ठ होना चाहिए।

## भूमि अर्जन के लिए जेडीए ने लगाया तीन दिवसीय शिविर




**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा योजना क्रमांक-64 एवं 65 के अंतर्गत लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्य किया जा रहा है। योजनाओं में 2.50 कि.मी. लंबा एस.आर.-3 मार्ग लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि शीघ्र ही आंतरिक विकास कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। भूमि अर्जन एवं अनुबंध प्रक्रिया को गति देने के लिए जेडीए द्वारा 7 से 9 जनवरी तक योजना क्रमांक-41 स्थित स्थल कार्यालय में तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के पहले व दूसरे दिन बड़ी संख्या में भूमिस्वामी उपस्थित हुए, आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा कई भूमिस्वामियों ने दस्तावेज जमा कर मौके पर ही अनुबंध संपादित कराए। जेडीए के सीईओ दीपक कुमार वैद्य ने बताया कि योजना क्रमांक-64 एवं 65 प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं, जिन्हें सुनियोजित ढंग से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने शेष रह गए भूमिस्वामियों से शिविर का लाभ उठाकर शीघ्र अनुबंध संपादित कराने की अपील की है।

## कृषि महाविद्यालय के डीन बने डॉ. जयंत भट्ट



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर प्लांट पैथालॉजी के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. जयंत भट्ट को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. भट्ट ने विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं 1987 से प्रारंभ की थी। डॉ. जयंत भट्ट को डीन पद का दायित्व मिलने पर प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां प्रेषित की है।



## आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित

**नवभारत, जबलपुर।** संभाग जबलपुर द्वारा वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर विमोचन एवं नववर्ष शासकीय कर्मचारी मिलन समारोह का आयोजन शासकीय संभागीय आईटीआई, जबलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही संस्था के प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। संघ की ओर से कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष नरेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष प्रशांत सोंधिया, सचिव पंकज शर्मा, तथा दिलीप यादव, योगेश देशमुख, अभीतेज त्रिपाठी, आर.एस. बरकड़े, माधव यादव, रितु रानी जैन, निवेदिता तिवारी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## नियोक्ताओं व अधिवक्ताओं के लिए उन्मुखीकरण सत्र आज

**नवभारत,जबलपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा केंद्रीय सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय (सीजीआईटी), जबलपुर में लंबे समय से लंबित औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 एवं कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 से जुड़े मामलों के त्वरित निपटान के लिए विशेष पहल की गई है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश रहरावत ने बताया कि भविष्य निधि सदस्यों को समय पर लाभ दिलाने के उद्देश्य से 2 फरवरी से 6 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाकर अधिकतम लंबित मामलों के निपटान का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में 9 जनवरी 2026 को दोपहर 2:30 बजे से सीजीआईटी, ब्लॉक-7, तीसरी मंजिल, जेडीए भवन, सिविक सेंटर, मढ़ाताल में नियोक्ताओं एवं अधिवक्ताओं के लिए उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र की अध्यक्षता पीठासीन अधिकारी, सीजीआईटी करेंगे। सत्र में लंबित मामलों के समयबद्ध एवं त्वरित निपटान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशानिर्देश दिए जाएंगे। श्री रहरावत ने नियोक्ताओं व अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्राप्त करने की अपील की है।

## जबलपुर पहुंची इंदिरा ज्योति यात्रा

**शहर में गठित की गई जिला आयोजन समिति**



**नवभारत,जबलपुर।** 12 जुलाई 2024 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मानने की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित करने के साथ ही देश में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ मनगढ़ंतदुष्प्रचार शुरू हो गया। 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिराजी की 107 वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए बड़े परिवर्तन के लिए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरुआत की गई। ये बातें गुरुदेव के नाम से प्रसिद्ध, लेखक व विचारक भास्कर राव रोकड़े ने पत्रकारवार्ता में कहीं। प्रदेश आयोजन समिति द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में इंदिरा ज्योति अभियान संचालित करने के लिए जिला आयोजन समितियां गठित की जा रही है। जबलपुर में रितेश अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला आयोजन समिति गठित की गई है। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से इंदिरा ज्योति यात्रा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर , इंदिरा ज्योति यात्रा के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा रितेश अग्रवाल टीकाराम कोष्टा प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग), कमलेश यादव इंदिरा पाठक तिवारी रविंद्र गौतम अभिषेक यादव अलीम मंसूरी प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओबीसी विभाग आदि मौजूद रहे।

**समारोह** 30 छात्राओं को मिले टैबलेट, स्कूल बैग व अन्य शैक्षणिक सामग्री

## आयुध निर्माणी खमरिया ने मेधावी छात्राओं का किया सम्मान



**नवभारत, जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत 'ओएफके मेधा छात्रवृत्ति योजना' का आयोजन कर खमरिया क्षेत्र की 30 मेधावी छात्राओं का सम्मान किया। कार्यक्रम आयुध निर्माणी परिसर में गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल और खमरिया ब्रांच की अध्यक्षा सुषमा वगेरवाल ने छात्राओं को सम्मान स्वरूप टैबलेट, स्कूल बैग, नोटबुक, जूते, स्टील टिफिन, पानी की बोतल और स्कूल ड्रेस प्रदान की। कार्यक्रम में छात्राओं के माता-पिता, शिक्षक और प्राचार्य भी मौजूद रहे। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि आयुध निर्माणी न केवल देश की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रही है, बल्कि शिक्षा और सामाजिक दायित्वों के प्रति भी प्रतिबद्ध है। सुषमा वगेरवाल ने कहा, 'ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। यह छोटा सा सहयोग उनके बड़े सपनों को पूरा करने में मदद करेगा। कार्यक्रम में निर्माणी के वरिष्ठ अधिकारी, महिला कल्याण समिति की सदस्याएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## मध्यप्रदेश पैथकॉन-2026 का आयोजन आज से

**देशभर से 400 से अधिक विशेषज्ञ होंगे शामिल**

**नवभारत,जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में 9 से 11 जनवरी 2026 तक इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रो बायोलॉजिस्ट्स के मध्यप्रदेश प्रांतीय चैप्टर का 16वां वार्षिक सम्मेलन षोडश मध्यप्रदेश पैथकॉन-2026 आयोजित किया जाएगा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. संजय तोतड़े एवं आयोजन सचिव डॉ. ओ.पी. भार्गव ने बताया कि इस तीन दिवसीय शैक्षणिक महाकुंभ में देशभर से लगभग 400 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन की शुरुआत 9 जनवरी को पूर्व-सम्मेलन व्यवहारिक कार्यशाला से होगी। इसके बाद 10 और 11 जनवरी को मुख्य सत्र आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति में डॉ. संजय तोतड़े, डॉ. ओ.पी. भार्गव, डॉ. शिशिर चनपुरिया, डॉ. राजेश महोबिया, डॉ. रानू तिवारी मिश्रा, डॉ. राधिका नंदवानी सहित महाकौशल एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स की पूरी टीम शामिल है।